Assistant Professor (College Edu. Deptt.) Exam-2025

Exam Date :- 16-12-2025

…। में पृष्ठों की संख्या : 48

…er of Pages in Booklet : 48

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150

No. of Questions in Booklet : 150

**CAP-25**

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

**951069**

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 34**

**Paper – II**

**Sub : Philosophy-II**

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***

**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 75**

**Maximum Marks : 75**

प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :
- प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं ।
- प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. OMR उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल नीले बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है ।
7. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।
9. यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।
10.* प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।
11. यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
13. मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।**

1. ईश्वर के अस्तित्व के लिए ज्ञानमीमांसीय युक्ति किसने प्रतिपादित की है ?
(1) देकार्त (2) लाइब्नित्ज़
(3) बर्कले (4) स्पिनोज़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. "किसी चीज़ का अस्तित्व कहना किसी विषय को कोई अतिरिक्त गुण प्रदान नहीं करता ।" इसे ईश्वर के अस्तित्व के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार के तर्कों के विरुद्ध एक तर्क के रूप में देखा जा सकता है ?
(1) सत्तामूलक युक्ति
(2) सृष्टिकारण युक्ति
(3) प्रयोजनमूलक युक्ति
(4) नैतिक युक्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. अरस्तू के अनुसार ईश्वर एक _______ द्रव्य है ।
(1) संवेद्य एवं नश्वर
(2) संवेद्य परन्तु अनश्वर
(3) नश्वर परन्तु असंवेद्य
(4) न तो संवेद्य न ही नश्वर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्नलिखित विचारकों में से कौन यह मानता है कि कार्य-कारण की बाह्य शृंखला ईश्वर के सार से उत्पन्न होने के कारण अंतत: आवश्यक है; आकस्मिकता के बारे में हमारी धारणा केवल कारणों की अज्ञानता का परिणाम है ?
(1) लाइब्नित्ज़
(2) स्पिनोज़ा
(3) देकार्त
(4) सेंट ऑगस्टाइन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Who has propounded epistemological argument for the existence of God ?
(1) Descartes (2) Leibnitz
(3) Berkeley (4) Spinoza
(5) Question not attempted

2. "To say something exists does not therefore attribute an additional property to a subject at all." This could be viewed as an argument against which of the following types of arguments for the existence of God ?
(1) Ontological Argument
(2) Cosmological Argument
(3) Argument from Design
(4) Moral argument
(5) Question not attempted

3. God, according to Aristotle is a _____ substance.
(1) Sensible and perishable
(2) Sensible but not perishable
(3) Perishable but not sensible
(4) Neither sensible nor perishable
(5) Question not attempted

4. Who among the following thinkers maintains that the external chain of causation is ultimately necessary by deriving from God's essence; the impression we have of contingency is merely the consequence of ignorance of causes ?
(1) Leibnitz
(2) Spinoza
(3) Descartes
(4) St. Augustine
(5) Question not attempted

951069

5. "यदि घड़ी/विश्व सादृश्यता कमज़ोर है, तो विश्व को किसी निर्माता की आवश्यकता नहीं है, यदि सादृश्यता प्रबल है, तो विश्व निर्माता घड़ी बनाने वाले से बेहतर नहीं हो सकता, और उसे ईश्वर होने की आवश्यकता ही नहीं है ।" यह एक तर्क है जो कि :

(1) ह्यूम द्वारा प्रयोजनमूलक तर्क के विरुद्ध दिया गया है ।

(2) कांट द्वारा प्रयोजनमूलक तर्क के विरुद्ध दिया गया है ।

(3) ह्यूम द्वारा सत्तामूलक तर्क के विरुद्ध दिया गया है ।

(4) सेंट एंसेल्म द्वारा सृष्टिकारण तर्क के विरुद्ध दिया गया है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. मन-देह समस्या के सन्दर्भ में किसने दो घड़ियों की उपमा का प्रतिपादन किया है ?

(1) ब्लेसी पास्कल

(2) निकोलस मैलब्रान्शे

(3) आर्नोल्ड ग्युलिंक्स

(4) पियरे गेसिन्दी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. "किसी विचार का वास्तविक कारण उतनी ही वास्तविकता वाला होना चाहिए जितना कि उस विचार की विषयवस्तु । हमारे पास एक विचार ईश्वर का विचार है । इसलिए केवल ईश्वर ही हमारे ईश्वर के विचार का कारण हो सकता है ।" ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए यह तर्क है

(1) कारणतामूलक युक्ति

(2) सत्तामूलक युक्ति

(3) प्रयोजनमूलक युक्ति

(4) नैतिक युक्ति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. "If the clock/world analogy was weak, then the world might not need a maker; if the analogy was strong, then the worldmaker was no better than a clockmaker, and need not be a God at all." This is an argument :

(1) Given by Hume against argument from design.

(2) Given by Kant against argument from design

(3) Given by Hume against ontological argument

(4) Given by St. Anselm against cosmological argument

(5) Question not attempted

6. Who was propounded the simile of two clocks in the context of Mind-Body problem ?

(1) Blaise Pascal

(2) Nicolas Malebranche

(3) Arnold Geulinex

(4) Pierre Gassendi

(5) Question not attempted

7. "The actual cause of an idea must have as much reality as the content of the idea. Once idea we have is the idea of God. Therefore only God can be the cause of our idea of God." This argument to prove the existence of God is :

(1) Causal argument

(2) Ontological argument

(3) Argument from design

(4) Moral argument

(5) Question not attempted

951069

8. देकार्त के अनुसार बुद्धि _______ की संकाय है ।
(1) जानने
(2) स्वीकारने
(3) नकारने
(4) उपर्युक्त सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. कांट के अनुसार पैरालाजिज़्म से क्या अभिप्रेत है ?
(1) जब कारणता की कोटि जगत पर प्रभावी रूप से लगे किन्तु अज्ञेय पर लगाते ही अर्थहीन हो ।
(2) जब द्रव्य-गुण की कोटि अज्ञेय पर प्रयोग की जाए ।
(3) जब स्व-सत्ता रखने वाली आत्मा की कोटि को हम ईश्वर के रूप में समझते हैं ।
(4) जब एक ज्ञाता को स्व-सत्ता रखने वाला केवल इसलिए मान लिया जाता है क्योंकि ज्ञाता की अनुपस्थिति में ज्ञान नहीं होता ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. किर्केगार्द के सन्दर्भ में तात्कालिकता का क्या अर्थ नहीं है ?
(1) परामर्श की उपस्थिति
(2) 'या यह' 'या वह' जैसे लक्षण से चिह्नित होती है ।
(3) यह सत्यता से एकात्म होती है ।
(4) यह ज्ञान की संभावना के रूप में विद्यमान होती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. स्पिनोज़ा के बारे में क्या सत्य है ?
(1) ईश्वर और प्रकृति पृथक सत्ता हैं ।
(2) मन और शरीर अपृथक्करणीय हैं ।
(3) मन और शरीर दो द्रव्य हैं ।
(4) मानव मन मानव शरीर का विचार नहीं है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. The intellect, according to Descartes, is the faculty of _______.
(1) Knowing
(2) Affirming
(3) Denying
(4) All of the above
(5) Question not attempted

9. According to Kant, fallacy of Paralogism refers to
(1) When categories like cause-effect are legitimate, when applied to phenomenon but have no meaning when applied to noumenon.
(2) When categories of substance accident are applied to noumenon.
(3) When categories of self-existent soul is interpreted as god.
(4) When a knower is inferred to be self-existent on the grounds that there can be no knowledge in it's absence.
(5) Question not attempted

10. Immediacy in the light of Kierkegaard is not
(1) Presence of reflection
(2) It is characterized by Either/or
(3) It is identified with reality
(4) It underlies the very possibility of knowledge
(5) Question not attempted

11. What is true of Spinoza ?
(1) God and Nature are separate realities.
(2) Mind and matter are inseparable.
(3) Mind and matter are two substances.
(4) Human mind is not the idea of human body.
(5) Question not attempted

12. निम्नलिखित विचारकों में से किसने यह तर्क दिया है कि "हमें स्व, तथा समय और स्थान के संबंधों के बारे में हमारे द्वारा किए गए किसी भी अवलोकन को तर्क के रूप में स्वीकार नहीं करना चाहिए; क्योंकि उनमें से किसी में भी मनस, जो भी इंद्रियों के समक्ष तत्काल उपस्थित है, उससे इतर नहीं जा सकता है" ?

(1) बर्कले (2) लॉक
(3) ह्यूम (4) कांट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. यह किसका मत है कि तत्त्वमीमांसीय प्रतिज्ञप्तियाँ परीक्षणीय नहीं होंती, किन्तु वे वैज्ञानिक अनुसंधान में अर्थपूर्ण हो सकती हैं ?

(1) कार्ल पॉपर
(2) रूडोल्फ कार्नेप
(3) सी.आई. लिविस
(4) गिल्बर्ट राइल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. ह्यूम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) कारणता का विचार वस्तु में किसी समवेत गुण से नहीं उत्पन्न हो सकता ।
(b) बहुत ही भिन्न प्रकार की वस्तुएँ कारण और कार्य हो सकती हैं ।

(1) (a) और (b) दोनों सत्य हैं तथा (b), (a) की व्याख्या करता है ।
(2) (a) और (b) दोनों सत्य हैं, परन्तु (b), (a) की व्याख्या नहीं करता ।
(3) (a) सत्य, परन्तु (b) असत्य है ।
(4) (a) असत्य, परन्तु (b) सत्य है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. Who among the following thinkers has argued that "We ought not, to receive as reasoning any of the observations we make concerning identity, and the relations of time and place; since in none of them the mind can go beyond what is immediately present to the senses." ?

(1) Berkeley (2) Locke
(3) Hume (4) Kant
(5) Question not attempted

13. Whose view is this that metaphysical propositions are not testable, but they may be meaningful in scientific inquiry ?

(1) Karl Popper
(2) Rudolf Carnap
(3) C.I. Lewis
(4) Gilbert Ryle
(5) Question not attempted

14. Consider the following statements about Hume –

(a) The idea of causation cannot arise from any inherent quality of object.
(b) Objects of the most different kinds can be causes and effects.

(1) (a) and (b) both are true and (b) explains (a).
(2) (a) and (b) both are true but (b) does not explain (a).
(3) (a) is true but (b) is false.
(4) (a) is false but (b) is true.
(5) Question not attempted

15. कांट के अनुसार बुद्धि (रीजन) का प्रत्यय क्या नहीं है ?

(1) आत्मा (2) स्वतंत्रता

(3) प्रकृति (4) ईश्वर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. कांट की क्रिटिक ऑफ प्योर रीज़न में, संवेदनशीलता को ___(a)___ कहा गया है और बुद्धि को ___(b)___ कहा गया है ।

(1) (a) - सक्रिय, (b) - ग्रहणशील

(2) (a) - ग्रहणशील, (b) - ग्रहणशील

(3) (a) - सक्रिय, (b) - सक्रिय

(4) (a) - ग्रहणशील, (b) - सक्रिय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. अरस्तू के सम्बन्ध में क्या सत्य नहीं है ?

(1) मन आत्मा से अवर है ।

(2) आत्मा शरीर का अन्तिम कारण है ।

(3) आत्मा शरीर से अपृथक्करणीय है ।

(4) जीवन आत्मा की संभाव्यता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. कांट के दृष्टिकोण में यथार्थ संभव तत्त्वमीमांसा का सही अर्थ क्या नहीं है ?

(1) ज्ञानमीमांसा के अध्ययन के रूप में

(2) प्रकृति के नियमों और उनके आकारों के प्रामाणिक ज्ञान के रूप में

(3) संकल्प के नियमों या उनके आकारों अर्थात् नीति–दर्शन के प्रामाणिक ज्ञान के रूप में

(4) इनमें से कोई भी नहीं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

951069

15. What is not a Idea of Reason according to Kant ?

(1) Soul (2) Freedom

(3) Nature (4) God

(5) Question not attempted

16. In Kant's critique of Pure Reason, Sensibility is ___(a)___ but understanding is ___(b)___ .

(1) (a) - active, (b) - receptive

(2) (a) - receptive, (b) - receptive

(3) (a) - active, (b) - active

(4) (a) - receptive, (b) - active

(5) Question not attempted

17. What is not true of Aristotle ?

(1) Mind is lower than soul

(2) Soul is the final cause of the body.

(3) Soul is inseparable from its body.

(4) Life is the potentiality of the soul.

(5) Question not attempted

18. What is not a proper sense in Kant's view of a genuine possible metaphysics ?

(1) as a study of the theory of knowledge

(2) as absolute knowledge of the forms and laws of nature.

(3) as absolute knowledge of the laws or forms of the will, i.e. as moral philosophy.

(4) None of these

(5) Question not attempted

**19.** प्लेटो विश्वास करते हैं

(a) अमरता में

(b) संसार परिभ्रमण में

(c) आदिरहित आत्मा के पतन में

सही विकल्प चुनिए :

(1) (a), (b), (c) सभी सत्य हैं ।

(2) केवल (a) और (b) सत्य हैं ।

(3) केवल (b) और (c) सत्य हैं ।

(4) केवल (a) और (c) सत्य हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**20.** सूत्र "अनेकों पर एक" क्या निर्देश करता है ?

(1) यह प्लेटो के आकारों के सिद्धान्त का निर्देश करता है ।

(2) यह तृतीय मनुष्य मूलक युक्ति का निर्देश करता है ।

(3) यह अनवस्था दोष का निर्देश करता है ।

(4) यह संवेगों के बुद्धि के नियंत्रण में होने का निर्देश करता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**21.** अरस्तू द्वारा द्रव्य के कौन से प्रकार स्वीकार किये गये हैं ?

(a) संवेद्य और अनित्य

(b) संवेद्य और नित्य

(c) असंवेद्य और नित्य

सही विकल्प चुनिए :

(1) (a), (b) और (c) सभी सत्य हैं ।

(2) केवल (a) और (b) सत्य हैं ।

(3) केवल (b) और (c) सत्य हैं ।

(4) केवल (a) और (c) सत्य हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

951069

**19.** Plato believes in –

(a) Immortality

(b) Transmigration

(c) Fall of the soul without beginning

Choose the correct option :

(1) (a), (b), (c) all are true.

(2) only (a) and (b) are true.

(3) only (b) and (c) are true.

(4) only (a) and (c) are true.

(5) Question not attempted

**20.** What does the formula "One Over Many" refer to ?

(1) It refers to Plato's theory of forms.

(2) It refers to the third man argument.

(3) It refers to the fallacy of infinite regress.

(4) It refers to the passions under the control of reason.

(5) Question not attempted

**21.** What are the types of substances accepted by Aristotle ?

(a) Sensible and perishable

(b) Sensible and eternal

(c) Non-sensible and eternal

Choose the correct option :

(1) (a), (b) and (c) all are true.

(2) only (a) and (b) are true.

(3) only (b) and (c) are true.

(4) only (a) and (c) are true.

(5) Question not attempted

22. सुकरात पर कौन सा अभियोग नहीं लगाया गया था ?

(1) राष्ट्रीय देवताओं को न मानना ।
(2) अपने खुद के नए देवताओं की स्थापना करना ।
(3) लोकतंत्र के खिलाफ जाना ।
(4) युवाओं को भ्रष्ट करना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. "समग्र रूप से ब्रह्मांड की प्रकृति या अस्तित्व में ऐसी कोई भी अनावश्यक विशेषता नहीं होनी चाहिए जो उसकी समग्र अवधारणा से अविवेचनीय और निष्कर्षणीय न हो ।" निम्नलिखित विचारकों में से कौन इस दृष्टिकोण को स्वीकार करेगा ?

(1) देकार्त (2) लाइब्नित्ज़
(3) स्पिनोज़ा (4) बर्कले
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. लाइब्नित्ज़ के अनुसार, चिदणुओं के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

A. वे विशुद्ध रूप से गुणात्मक होते हैं ।
B. उनमें मात्रात्मक धर्म होते हैं ।
C. वे अपने अस्तित्व के लिए ईश्वर पर निर्भर होते हैं तथा अन्य सभी मामलों में स्वतंत्र होते हैं ।
D. उनकी संख्या अनंत है और प्रत्येक एक अद्वितीय विशेषगत प्रकार का होता है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :

(1) केवल A और B
(2) केवल A, B और C
(3) केवल B और C
(4) A, C और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. कौन कहता है कि सभी विशिष्ट ऐन्द्रिक वस्तुएँ सत् और असत् की मध्यवर्ती हैं ?

(1) अरस्तू (2) प्लेटो
(3) पाइथागोरस (4) सुकरात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. What was the charge not imposed on Socrates ?

(1) Denying the National Gods.
(2) Setting up new Gods of his own.
(3) Going against the notion of Democracy.
(4) Corrupting the Youth
(5) Question not attempted

23. "The universe as a whole must have no superfluous features in its nature or existence that are inexplicable in being not deducible from its total concept." Who among the following thinkers would accept this view ?

(1) Descartes (2) Leibnitz
(3) Spinoza (4) Berkeley
(5) Question not attempted

24. According to Leibniz, which of the following is true about monads ?

A. They are purely qualitative.
B. They have quantitative properties.
C. They depend on God for their existence and are independent in all other respects.
D. There is infinity of them, each of which is a unique individual kind.

Choose the correct option from below :

(1) A and B only (2) A, B and C only
(3) B and C only (4) A, C and D
(5) Question not attempted

25. Who declares that all particular sensible objects are intermediate between being and non-being ?

(1) Aristotle (2) Plato
(3) Pythagoras (4) Socrates
(5) *Question not attempted*

26. कौन सा दार्शनिक सिद्धान्त अवधारणाओं और सिद्धान्तों की सत्यता और अर्थ को उनके व्यावहारिक समस्याओं के समाधान एवं वास्तविक जगत में उनके परिणामों से आँकता है ?

(1) तार्किक भाववाद
(2) बुद्धिवाद
(3) संवृत्तिशास्त्र
(4) अर्थक्रियावाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. फ्रेगे के सन्दर्भ में निम्न पर विचार कर सही कथनों का चयन कीजिए :

A. ऑन सेन्स एण्ड नॉमिनेशन लेख में वे भाषा से संबंधित दो पहेलियों की चर्चा करते हैं।

B. प्रभात तारा एवं सांध्य तारा, दोनों में अर्थ तथा निर्देश दोनों हैं।

(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A व B दोनों
(4) न A न ही B
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. "पानी गीला करता है" प्रतिज्ञप्ति के विरुद्ध बुद्धिवादियों का क्या आक्षेप नहीं होगा ?

(1) यह अनिवार्य नहीं है।
(2) हमें ऐसा अनुभव करने की आदत है।
(3) इसकी अनिवार्यता भ्रम है।
(4) यह बुद्धि प्रसूत है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. कौन मानता है कि "सूर्य प्रतिदिन नया होता है" ?

(1) हेराक्लाइट्स
(2) पार्मेनिडीज
(3) थेलीज
(4) डेमोक्राइट्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. Which philosophical theory judges the truth and meaning of concepts and theories by their ability to solve practical problems and by their real-world results ?

(1) Positivism
(2) Rationalism
(3) Phenomenology
(4) Pragmatism
(5) Question not attempted

27. Consider the following in context of Frege, and select the correct ones :

A. On sense & nomination in his article where he discusses two puzzles of language.

B. Morning star & evening star have sense as well as reference.

(1) only A
(2) only B
(3) Both A & B
(4) Neither A nor B
(5) Question not attempted

28. What would not be a rationalist objection against the proposition "Water wets" ?

(1) It is not necessary.
(2) We are habituated to feel it.
(3) Its necessity is an illusion.
(4) It is a product of reason.
(5) Question not attempted

29. Who believes that "The sun is new everyday" ?

(1) Heraclitus (2) Parmenides
(3) Thales (4) Democritus
(5) Question not attempted

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) एक संश्लेषणात्मक निर्णय में विधेय उद्देश्य में शामिल होता है ।

(b) एक विश्लेषणात्मक निर्णय में विधेय उद्देश्य में अन्तर्निहित होता है ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) केवल (a) सत्य है ।

(2) केवल (b) सत्य है ।

(3) (a) और (b) दोनों सत्य हैं ।

(4) कोई भी सत्य नहीं है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. प्रागनुभविक ज्ञान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) वे विचार के उत्पाद हैं ।

(b) मध्यम परिहार का नियम प्रागनुभविक ज्ञान है ।

(c) उनकी सत्यता अनिवार्य है ।

(d) उनकी असत्यता आकस्मिक है ।

सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(1) (a), (b), (c) सत्य हैं ।

(2) (a), (b), (d) सत्य हैं ।

(3) (b), (c), (d) सत्य हैं ।

(4) (a), (c), (d) सत्य हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. "पत्तियाँ हरी हैं" प्रतिज्ञप्ति के बारे में क्या सत्य नहीं है ?

(1) यह एक अनिवार्य प्रतिज्ञप्ति है ।

(2) यह आनुभविक रूप से सत्यापनीय प्रतिज्ञप्ति है ।

(3) यह एक सार्वभौम प्रतिज्ञप्ति नहीं है ।

(4) इसकी अनिवार्यता केवल मनोवैज्ञानिक है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. Consider the following statements :

(a) A predicate is included in the subject in a synthetic judgement.

(b) A predicate is implicit in the subject in an analytic judgement.

Choose the correct option :

(1) only (a) is true.

(2) only (b) is true.

(3) Both (a) and (b) are true.

(4) None of them is true.

(5) Question not attempted

31. Consider the following statements about a priori knowledge –

(a) They are the product of thought.

(b) Law of excluded middle is a priori knowledge.

(c) Their truth is necessary.

(d) Their falsity is contingent.

Choose the correct option :

(1) (a), (b), (c) are true

(2) (a), (b), (d) are true

(3) (b), (c), (d) are true

(4) (a), (c), (d) are true

(5) Question not attempted

32. What is not true of the proposition "Leaves are green" ?

(1) It is a necessary proposition.

(2) It is empirically verifiable.

(3) It is not a universal proposition.

(4) Its necessity is only psychological.

(5) Question not attempted

**33.** निम्नलिखित में से कौन सा गुण कथन “सभी बहनें महिला हैं” के लिए लागू नहीं होता ?

(1) अनिवार्य (2) विश्लेषणात्मक

(3) प्रागनुभविक (4) आनुभविक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** निम्न कथनों पर विचार कीजिये तथा सही कथनों का, कूट का प्रयोग कर, चयन कीजिये :

A. ‘न्यू विट्गेन्स्टाइन’ अध्येताओं के एक समूह का नाम है जो कि यह मानते हैं कि दोनों विट्गेन्स्टाइन में समन्वय संभव नहीं है ।

B. भाषा खेल एक नि:स्वभाववादी सिद्धांत है ।

C. ट्रैक्टेटस में सरल विषय का कोई उदाहरण नहीं है ।

(1) A, B व C (2) A व C

(3) B व C (4) A व B

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** कांट के लिए 8 + 2 = 10 जैसे अंकगणितीय प्रतिज्ञप्ति किस प्रकार ज्ञात होते हैं ?

A. प्रागनुभविक रूप से

B. अनिवार्यत: सत्य के रूप में

C. वे विशुद्ध रूप से विश्लेषणात्मक हैं क्योंकि 10 के बारे में सोचे बिना 8 + 2 के बारे में सोचना असंभव है ।

D. वे संश्लेषणात्मक हैं क्योंकि 10 के बारे में सोचे बिना 8 + 2 के बारे में सोचना संभव है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :

(1) केवल A, B और C

(2) केवल A, B और D

(3) केवल C और D

(4) केवल A और B

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** Which of the following attributes does not belong to the statement ‘All sisters are female” ?

(1) Necessary (2) Analytic

(3) Apriori (4) Aposteriori

(5) Question not attempted

**34.** Consider the following statement and select the correct ones using the codes :

A. ‘New Wittgenstein’ is a family of scholars who believe that the two Wittgenstein’s cannot be reconciled.

B. Language Game is a non-essentialist theory

C. Tractatus offers no example of simple objects.

(1) A, B & C (2) A & C

(3) B & C (4) A & B

(5) Question not attempted

**35.** For Kant arithmetical propositions such as 8 + 2 = 10 are known :

A. a priori

B. as necessarily true

C. They are purely analytic because it is impossible to think of 8 + 2 without thinking of 10.

D. They are synthetic because it is possible to think of 8 + 2 without thinking of 10.

Choose the correct option from below :

(1) A, B and C only

(2) A, B and D only

(3) C and D only

(4) A and B only

(5) Question not attempted

36. दि ट्रिटीज़ ऑफ ह्यूमन नेचर ______ द्वारा लिखी गई।

(1) हेगेल (2) लॉक

(3) ह्यूम (4) स्पिनोज़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. लॉक के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) ज्ञान बौद्धिक है।

(b) ज्ञान विचारों में सहमति या असहमति देखने में निहित है।

सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(1) (a) और (b) दोनों सत्य हैं तथा (b), (a) की उचित व्याख्या है।

(2) (a) और (b) दोनों सत्य हैं, परन्तु (b), (a) की उचित व्याख्या नहीं है।

(3) (a) सत्य है, परन्तु (b) असत्य है।

(4) (a) असत्य है, परन्तु (b) सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. अर्थ और ज्ञान का एक समग्र सिद्धांत, जहाँ किसी कथन के अर्थ और ज्ञानमीमांसीय स्थिति का मूल्यांकन केवल कथनों की संपूर्ण प्रणाली में उसकी स्थिति और सुदृढ़ता के संबंध में किया जा सकता है, जो कि वर्तमान ज्ञान है और जिसे "संपूर्ण विज्ञान" के रूप में पहचाना जाता है, किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया है ?

(1) रसेल

(2) पूर्ववर्ती विट्गेन्स्टाइन

(3) क्वाइन

(4) ए.जे. एयर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. The Treatise of Human Nature is authored by ________.

(1) Hegel (2) Locke

(3) Hume (4) Spinoza

(5) Question not attempted

37. Consider the following statements about Locke :

(a) Knowledge is rational.

(b) Knowledge consists in seeing the agreement and disagreement between ideas.

Choose the correct option from the following :

(1) (a) and (b) both are true and (b) is an appropriate explanation of (a).

(2) (a) and (b) both are true but (b) is not an appropriate explanation of (a).

(3) (a) is true but (b) is false.

(4) (a) is false but (b) is true.

(5) Question not attempted

38. A holistic theory of meaning and knowledge where the sense and epistemological standing of a statement can only be assessed in relation to its position and entrenchment in the whole system of statements which is present knowledge identified as "the whole of science" is presented by :

(1) Russell

(2) Early Wittgenstein

(3) Quine

(4) A.J. Ayer

(5) Question not attempted

951069

39. कभी-कभी मन दो विचारों के बीच सहमति या असहमति को सीधे अवलोकन द्वारा पहचानता है, बिना किसी अन्य विचार के हस्तक्षेप का लॉक ने ऐसे ज्ञान को कहा

(1) निदर्शनात्मक ज्ञान

(2) प्रातिभ ज्ञान

(3) इंद्रियानुभविक ज्ञान

(4) निरपेक्ष ज्ञान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. बर्कले का खण्डन करते हुए जी.ई. मूर के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से क्या नहीं कहा जा सकता ?

(1) सारा मतिभ्रम 'संवेदन' पद के अस्पष्ट प्रयोग से हुआ है ।

(2) संवेदन पद संवेदन-प्रक्रिया एवं संवेदना की वस्तु को इंगित करता है ।

(3) संवेद्य वस्तु बिना संवेद्य हुए भी अस्तित्व रखती है ।

(4) 'नीला' एवं 'नीले की संवेदना' एक ही है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. सत्यता के अनावश्यकता सिद्धांत से संबंधित नाम है

(1) एच.एच. जोकिम

(2) एफ.पी. रामसे

(3) अल्फ्रेड टार्स्की

(4) सी.एस. पियर्स

(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. प्लेटो के अनुसार ज्ञान और मत में भेद का आधार क्या नहीं है ?

(1) निश्चितता (2) त्रुटि रहितता

(3) विवेक/बुद्धि (4) संज्ञानात्मकता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. Sometimes the mind perceives the agreement or disagreement of two ideas by direct inspection, without the intervention of any other ideas. Locke calls such knowledge as :

(1) Demonstrative knowledge

(2) Intuitive knowledge

(3) Sensitive knowledge

(4) Categorical knowledge

(5) Question not attempted

40. In critiquing Berkeley, what among the following cannot be upheld in the context of G.E. Moore ?

(1) The confusion arises from the ambiguity of the term sensation.

(2) The term sensation refers to the act of sensing and the object sensed.

(3) Sensible may exist independent of being perceived.

(4) 'The blue' and 'sensing of the blue' are identical.

(5) Question not attempted

41. The following name is associated with Redundancy theory of truth ?

(1) H.H. Joachim

(2) F.P. Ramsey

(3) Alfred Tarski

(4) C.S. Pierce

(5) Question not attempted

42. What, according to Plato, is not a ground for difference between knowledge and opinion ?

(1) Certainly (2) Infallibility

(3) Reason (4) Cognizability

(5) Question not attempted

43. जेम्स के व्यवहारवाद के सन्दर्भ में क्या कहना अनुचित होगा ?

(1) सत्य बुद्धिगत/बौद्धिक होता है ।

(2) जो अनुभव होता है वही सत्य है/यथार्थ है ।

(3) सत्य को विज्ञान परिवर्तित कर देता है/ बिगाड़ देता है ।

(4) यथार्थ/सत्य का निर्माण हमारे इन्द्रियबोध, उनके अन्तर्सम्बन्ध और पिछले सत्यों से होता है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. "मार्क्सवादी और मनोविश्लेषणात्मक सिद्धांत केवल 'पुष्ट' थे, और ऐसा प्रतीत होता था कि वे सब कुछ विवेचित कर रहे हैं, क्योंकि अस्पष्टता के कारण या प्रति-साक्ष्य को बुझाने के लिए उपकृत विधियों के रूप में, वे अकाट्य थे ।" इस तर्क का श्रेय निम्नलिखित को दिया जा सकता है :

(1) ए.जे. एयर (2) पॉपर

(3) फूको (4) रसेल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. सत्य के संवादिता सिद्धान्त के अनुसार प्रतिज्ञप्ति और तथ्य में क्या सम्बन्ध नहीं है ?

(1) प्रतिज्ञप्ति तथ्य की प्रतिलिपि है ।

(2) प्रतिज्ञप्ति और तथ्य में 'एक से एक का सम्बन्ध' होता है ।

(3) प्रतिज्ञप्ति और तथ्य में संरचनात्मक समानता है ।

(4) प्रतिज्ञप्ति तथ्य की उपयोगिता का कथन करती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. What among the following cannot be upheld in the context of pragmatism of James ?

(1) Real is Rational

(2) Whatever is experienced is real.

(3) Scientific understanding mutilates reality.

(4) Reality is partly constituted by the flux of our sensation, relations between them and previous truths.

(5) Question not attempted

44. "Marxist and psychoanalytic theories were only "confirmed", and seemed to explain everything, because they were, through reasons of vagueness or devices designed to explain away counter-evidence, irrefutable." This argument could be attributed to :

(1) A.J. Ayer (2) Popper

(3) Foucault (4) Russell

(5) Question not attempted

45. What is not a relation between a proposition and fact, according to the correspondence theory of truth ?

(1) Proposition is a copy of fact.

(2) There is one to one relationship between proposition and fact.

(3) There is structural similarly between proposition and fact.

(4) Proposition asserts the utility of fact.

(5) Question not attempted

46. ग्रू (मटीनील) का विरोधाभास ________ द्वारा गढ़ा गया ________ की समस्याओं को रेखांकित करने के लिये ।
(1) नेल्सन गुडमैन, आगमनात्मक तर्कणा
(2) नॉर्मन मैल्कम, आगमनात्मक तर्कणा
(3) नेल्सन गुडमैन, निगमनात्मक तर्कणा
(4) नॉर्मन मैल्कम, निगमनात्मक तर्कणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. "दि राफ्ट एण्ड दि पिरामिड" के विषय में निम्न पर विचार कीजिये :
A. यह सद्गुण ज्ञानमीमांसा पर अर्नेस्ट सोसा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण लेख है ।
B. राफ्ट (बेड़ा) एक रूपक से संसक्ततावाद के लिए
C. इस लेख का "औचित्य" से कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है ।
(1) A व B सही हैं ।
(2) A व C सही हैं ।
(3) A, B व C सही हैं ।
(4) B व C सही हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. पॉपर के दर्शन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ?
(1) किसी सिद्धांत की मिथ्याकरणीयता और सूचना सामग्री उसकी प्रायिकता के व्युत्क्रमानुपाती होती हैं ।
(2) किसी सिद्धांत की मिथ्याकरणीयता और सूचना सामग्री उसकी प्रायिकता के सीधे अनुपात में होती हैं ।
(3) किसी सिद्धांत की मिथ्याकरणीयता और सूचना सामग्री को संबंधित माना जाता है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है ।
(4) किसी सिद्धांत की मिथ्याकरणीयता और सूचना सामग्री अस्पष्ट होती हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. Grue Paradox was propounded by ________ in order to point out problems in ________.
(1) Nelson Goodman, inductive reasoning
(2) Norman Malcolm, inductive reasoning
(3) Nelson Goodman, deductive reasoning
(4) Norman Malcolm, deductive reasoning
(5) Question not attempted

47. Consider the following about "The Raft and The Pyramid" :
A. Is a path breaking article on virtue Epistemology by Ernest Sosa.
B. Raft is a metaphor to signify Coherentism.
C. The article is not directly concerned with 'Justification'.
(1) A & B are correct.
(2) A & C are correct.
(3) A, B & C are correct.
(4) B & C are correct.
(5) Question not attempted

48. Which of the following statements is true with reference to Popper's philosophy ?
(1) The falsifiability and the information content of a theory are in inverse proportion to its probability.
(2) The falsifiability and the information content of a theory are in direct proportion to its probability.
(3) The falsifiability and the information content of a theory are assumed to be related but are as a matter of fact not.
(4) The falsifiability and the information content of a theory are equivocal.
(5) Question not attempted

**49.** निम्न में से किन्होंने नारीवादी ज्ञानमीमांसा के प्रति प्रत्यक्ष योगदान दिया है ?

A. शीला रोबॉथम

B. मिरांडा फ्रिकर

C. सिमोन दे बेउवा

D. डॉना हैरावे

(1) B, C व D (2) A, B व C

(3) B व C (4) B व D

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**50.** असंगत युग्म है

(1) कीथ लेहरर – सोपाधिक सिद्धांत

(2) चिशोम – ज्ञान का धारावाहिक मत

(3) राइल – ज्ञान एक प्रवृत्ति के रूप में

(4) जे.सी. विल्सन – ज्ञान एक मानसिक अवस्था के रूप में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**51.** निम्न कथनों पर विचार करते हुए सही कथनों का चयन कीजिए :

A. रॉबर्ट ब्रैण्डम तथा जॉन मैकडॉवल दोनों ही ज्ञानमीमांसा के पिट्सबर्ग स्कूल से संबंधित हैं।

B. इन ज्ञानमीमांसकों का एक प्रमुख सरोकार ज्ञानमीमांसा की मानकीयता है।

(1) केवल A

(2) केवल B

(3) A व B दोनों

(4) न A और न ही B

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49.** Who among the following has made direct contribution to Feminist Epistemology ?

A. Sheila Rowbatham

B. Miranda Fricker

C. Simone De Beauvoir

D. Donna Haraway

(1) B, C & D (2) A, B & C

(3) B & C (4) B & D

(5) Question not attempted

**50.** The inconsistent pair is :

(1) Keith Lehrer – Conditional Theory

(2) Chisholm – Episodic view of knowledge

(3) Ryle – Knowledge as Disposition

(4) J.C. Wilson – Knowledge as Mental State

(5) Question not attempted

**51.** Consider the following statements and select the correct ones :

A. Both Robert Brandom & John McDowell belong the Pittsburg school of Epistemology.

B. A primary concern of these epistemologists is normativity in epistemology.

(1) only A

(2) only B

(3) Both A & B

(4) Neither A nor B

(5) Question not attempted

951069

52. 'मेथड्स ऑफ एथिक्स' नामक प्रसिद्ध नैतिकता की पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(1) पैटन (2) सिज़विक

(3) रैशडल (4) मैकेंजी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. वह नैतिक सिद्धांत जो यह मानता है कि मूल नैतिक प्रस्ताव स्वत:सिद्ध हैं, और नैतिक गुण अप्राकृतिक गुण हैं, कहलाता है :

(1) नैतिक अंतर्ज्ञानवाद

(2) नैतिक यथार्थवाद

(3) नैतिक भावनावाद (एमोटिविस्म)

(4) नैतिक निर्देशवाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. ए.जे. एयर के अनुसार

(a) नैतिक निर्णयों में अर्थ नहीं होता ।

(b) नैतिक निर्णय असत्यापनीय है ।

सही विकल्प चुनिए :

(1) (a) और (b) दोनों सत्य हैं तथा (b), (a) की व्याख्या करता है ।

(2) (a) और (b) दोनों सत्य हैं, परंतु (b), (a) की व्याख्या नहीं करता ।

(3) (a) सत्य, परन्तु (b) असत्य

(4) (a) असत्य, परन्तु (b) सत्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. "एपिस्टेमिक लक" ग्रंथ के लेखक हैं

(1) मैकेन्टायर

(2) जोनाथन डैन्सी

(3) डंकन प्रिचर्ड

(4) टिमोथी विलियम्सन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. 'Methods of ethics' is the famous text of ethics authored by :

(1) Paton (2) Sidgwick

(3) Rashdall (4) Mackenzie

(5) Question not attempted

53. The ethical theory which advocates that basic moral propositions are self-evident, and that moral properties are non-natural properties is called :

(1) Ethical Instuitionism

(2) Ethical Realism

(3) Ethical Emotivism

(4) Ethical Prescriptivism

(5) Question not attempted

54. According to A.J. Ayeer

(a) Ethical judgements have no meaning.

(b) Ethical judgements are unverifiable

Choose the correct option :

(1) Both (a) and (b) are true and (b) explains (a).

(2) Both (a) and (b) are true but (b) does not explain (a).

(3) (a) is true, (b) is false.

(4) (a) is false, (b) is true

(5) Question not attempted

55. "Epistemic Luck" is a work authored by :

(1) MacIntyre

(2) Jonathan Dancy

(3) Duncan Prichard

(4) Timothy Williamson

(5) Question not attempted

951069

**56.** 'यह शुभ है' को इस तरह परिभाषित किया जा सकता है कि, "इसमें कुछ विशेष लक्षण है" उदाहरण के लिए, "यह अधिकतम संभव सुख उत्पन्न करता है ।"

इस दृष्टिकोण को मानते हैं

(1) प्रकृतिवादी (2) अप्रकृतिवादी

(3) प्रकृतिवादी विरोधी (4) तार्किक भाववादी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**57.** सुमेलित कीजिए :

| *नैतिक सिद्धान्त* | *मुख्य विचार* |
|---|---|
| 1. नैतिक स्वार्थपरता | A. कर्तव्य के लिए कर्तव्य के अनुसार कार्य करना चाहिए । |
| 2. परार्थवाद | B. मनुष्य को सदैव सभी संबंधितों के हित में कार्य करना चाहिए, जिसमें हम स्वयं भी शामिल हैं । |
| 3. उपयोगितावाद | C. मनुष्य को सदैव दूसरों के हित में कार्य करना चाहिए । |
| 4. धर्मपरायणता (डीओंटोलोजी) | D. मनुष्य को सदैव अपने स्वार्थ के लिए कार्य करना चाहिए । |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें :

(1) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A

(2) 2-D, 1-C, 3-B, 4-A

(3) 1-D, 4-C, 3-B, 2-A

(4) 3-D, 2-C, 1-B, 4-A

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**58.** परामर्शवाद प्रस्तावित करता है कि वाक्य "X शुभ है" __________ है ।

(1) सत्य

(2) असत्य

(3) न तो सत्य न असत्य

(4) इनमें से कोई नहीं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**56.** 'This is good' can be defined in terms of 'This has certain characteristics', for example 'This is productive of the maximum possible amount of pleasure'. This position is held by :

(1) Naturalists

(2) Non- Naturalists

(3) Anti- Naturalists

(4) Logical Positivists

(5) Question not attempted

**57.** Match the column :

| *Ethical Theory* | *Main Thesis* |
|---|---|
| 1. Ethical Egoism | A. One should act in accordance with duty for duty's sake. |
| 2. Altruism | B. Human beings should always act in the interest of all concerned, self included. |
| 3. Utilitarianism | C. Human beings should always act in the interest of others. |
| 4. Deontology | D. Human beings should always act in their own self-interest. |

Choose the correct option from below :

(1) 1-D, 2-C, 3-B, 4-A

(2) 2-D, 1-C, 3-B, 4-A

(3) 1-D, 4-C, 3-B, 2-A

(4) 3-D, 2-C, 1-B, 4-A

(5) Question not attempted

**58.** Prescriptivism proposes that sentence "X is good" is __________.

(1) True

(2) False

(3) Neither true nor False

(4) None of these

(5) Question not attempted

59. "हम बिना विचार-विमर्श किये सीधे ही जान सकते हैं कि किसी निश्चित वर्ग या प्रकार के कर्म उचित हैं या अनुचित ।"

सिज़विक के अनुसार, यह किस प्रकार का अंत:प्रज्ञावाद है ?

(1) प्रत्यक्षात्मक अंत:प्रज्ञावाद
(2) व्यक्तिगत अंत:प्रज्ञावाद
(3) रूढ़िवादी अंत:प्रज्ञावाद
(4) सार्वभौमिक अंत:प्रज्ञावाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. वह दंड का कौन सा सिद्धांत है जिसे तब लागू माना जाता है जब न्यायाधीश किसी अपराधी को 'उदाहरण' बनाकर दण्ड देता है ?

(1) प्रतिरोधात्मक सिद्धांत
(2) सुधारात्मक सिद्धांत
(3) प्रतिकारात्मक सिद्धांत
(4) नारीवादी सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. नैतिक-सार्वभौमिकतावाद को कौन दर्शा रहा है ?

(1) कर्म-नियम यदि सभी के शुभ का प्रसार न भी करें तब भी नैतिक रूप से सही होते हैं ।
(2) मनुष्य को सदैव वही करना चाहिए जो उसके अपने शुभ का प्रसार करें ।
(3) परम शुभ अधिकतम सामान्य शुभ है ।
(4) कर्त्तव्य बिना किन्हीं नियमों को सन्दर्भित किए भी करना चाहिए ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. कौन सा अधिनीतिशास्त्रीय प्रश्न है ?

(1) क्या करना चाहिए ?
(2) "शुभ" को कैसे परिभाषित किया जाता है ?
(3) नैतिकता के मूल सिद्धान्त क्या हैं ?
(4) क्या अच्छा या बुरा विषय है ?
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. "We may know directly, without reflection, that a certain class or kind of actions is right or wrong."

According to Sidgwick, which kind of intuitionism is this ?

(1) Perceptional Intuitionalism
(2) Individual Intuitionalism
(3) Dogmatic Intuitionalism
(4) Universal Intuitionalism
(5) Question not attempted

60. What is that theory of punishment which is held when the judge makes an 'example' of some offender ?

(1) The Deterrent Theory
(2) The Reformative Theory
(3) The Retributive Theory
(4) The Feminist Theory
(5) Question not attempted

61. Ethical universalism in represented by

(1) A role of action can be morally right-even if it does not promote greatest good.
(2) One is always to do what will promote his own greatest good.
(3) The ultimate end is the greatest general good.
(4) A duty ought to be done without appealing to any rules.
(5) Question not attempted

62. What is a metaethical question ?

(1) What should be done ?
(2) How 'good' is defined ?
(3) What are basic principles of morality ?
(4) What is good or bad object ?
(5) Question not attempted

63. नैतिकता पर प्रसिद्ध पुस्तक 'आफ्टर वर्चू' को लिखा गया है

(1) अरिस्टिपस द्वारा

(2) एलिज़ाबेथ अंसकोम्बे द्वारा

(3) अलिस्डेयर मैकइंटायर द्वारा

(4) पीटर सिंगर द्वारा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. The famous book on ethics 'After Virtue' has been authored by :

(1) Aristippus

(2) Elizabeth Anscombe

(3) Alisdair MacIntyre

(4) Peter Singer

(5) Question not attempted

64. अशुभ की समस्या में ईश्वर के किस गुण/गुणों पर प्रश्न उठाया जाता है ?

(1) सर्वशक्तिमानता

(2) शुभ

(3) सर्वशक्तिमानता और शुभ दोनों

(4) इनमें से कोई नहीं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. Which quality/qualities of God is/are under question in the problem of Evil ?

(1) Omnipotence only

(2) Benevolence only

(3) Both Omnipotence and Benevolence

(4) None of these

(5) Question not attempted

65. लॉक के नैतिक-विचारों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से क्या गलत है ?

(1) स्वेच्छा/मुक्त-इच्छाशक्ति की समस्या अर्थहीन है ।

(2) स्वेच्छा का प्रयोग केवल मनुष्य के कर्म-क्षेत्र तक सीमित है ।

(3) इच्छा एक शक्ति या क्षमता है ।

(4) सबसे प्रबल इच्छा, मनुष्य के कर्म का निर्धारण करती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. What among the following is incorrect in the light of Locke's ethical views ?

(1) Problem of free-will is meaningless.

(2) Concept of freedom has application to man's power of action only.

(3) The will is a power or an ability.

(4) The most pressing desire, naturally determines man's action.

(5) Question not attempted

951069

66. प्लेटो के अनुसार, निम्नलिखित में से उत्तम सद्गुण क्या है ?

(1) प्रज्ञा (2) साहस

(3) आत्म नियंत्रण (4) न्याय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. प्लेटो के 'शुभ-जीवन' के सिद्धान्त के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से क्या नहीं कहा जा सकता ?

(1) सुनियमत आत्मा होना नैतिक आदर्श है ।

(2) बुद्धि-प्रयोग से जिया जीवन, सद्गुणों का जीवन है ।

(3) न्याय प्रिय व्यक्ति एक प्रसन्न व्यक्ति है ।

(4) सुख स्वयं में उद्देश्य है और इसीलिए एक सद्गुण है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. "इस प्रकार कार्य करो कि तुम अपने को साध्यों के राज्य का नियम विधायक सदस्य समझ सको ।" यह निरपेक्ष आदेश का कौन सा रूप है ?

(1) प्रथम (2) द्वितीय

(3) तृतीय (4) चतुर्थ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. कांट के कथन "क्योंकि आपको करना चाहिए इसलिए आप कर सकते है" में से क्या निसृत नहीं होता ?

(1) यदि संकल्प स्वतंत्र नहीं है, तो नैतिकता सम्भव नहीं है ।

(2) नैतिकता से स्वतंत्र संकल्प अभिप्रेत है ।

(3) सर्वोच्च शुभ की प्राप्ति में मनुष्य स्वतन्त्र है, किन्तु पूर्ण शुभ की प्राप्ति में नहीं ।

(4) यह नैतिकता के सूत्रों में से एक का आशय है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. Which among the following is the supreme virtue according to Plato ?

(1) Wisdom (2) Courage

(3) Temperance (4) Justice

(5) Question not attempted

67. In the light of Plato's idea of Good life, what cannot be claimed ?

(1) The ethical ideal is a well-ordered soul

(2) A life of reason is the life of virtue

(3) The just man is the happiest

(4) Pleasure is an end-in itself and hence a virtue.

(5) Question not attempted

68. "Act as if you were a law-making member of a Kingdom of ends", which formulation of the categorical Imperative is this ?

(1) First (2) Second

(3) Third (4) Fourth

(5) Question not attempted

69. What among the following would be incorrect in the context of Kant's statement – "Thou oughest; therefore you cans't"

(1) If the will is not free, morality is impossible

(2) Morality implies free will

(3) One is free in the attainment of Summum bonum but not in the attainment of Bonum consumatum.

(4) It is an impost of one of the maxims of morality.

(5) Question not attempted

951069

70. निम्नलिखित में से निरुपाधिक न्याययुक्ति का कौन सा एक रूप दूसरी आकृति में वैध है ?

(1) AAA (2) AII
(3) EOA (4) AOO
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. तर्क (R) : किसी वैध निरुपाधिक न्याययुक्ति में, जो भी आधारवाक्यों में निहित है, निष्कर्ष उसके बाहर कुछ भी नहीं इंगित कर सकता है ।

अभिकथन (A) : किसी वैध निरुपाधिक न्याययुक्ति में, यह आवश्यक है कि जो पद निष्कर्ष में व्याप्त है, वह आधारवाक्यों में भी व्याप्त हो ।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (R) तथा (A) दोनों सत्य हैं, (A) के लिए (R) स्पष्टीकरण है ।
(2) (R) तथा (A) दोनों सत्य हैं, (A) के लिए (R) स्पष्टीकरण नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, (R) सत्य है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. निम्नलिखित कथनों के सन्दर्भ में सही उत्तर बताएँ :

कथन-I : बेन्थम और मिल यह मानते हैं कि अधिकतम संख्या हेतु अधिकतम खुशी/सुख के लिए उद्योग करना चाहिए ।

कथन-II : बेन्थम इस बात की पुष्टि स्वहित के आधार पर करते हैं । मिल इस बात की पुष्टि सामाजिकता भाव के आधार पर करते हैं ।

कूट :

(1) दोनों कथन-I और II सही हैं ।
(2) दोनों कथन-I और II गलत हैं ।
(3) कथन-I सही है; कथन-II गलत है ।
(4) कथन-I गलत है; कथन-II सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. Which one of the following forms of categorical syllogism is valid in the second figure ?

(1) AAA (2) AII
(3) EOA (4) AOO
(5) Question not attempted

71. Reasoning (R) : In a valid categorical syllogism, the conclusion cannot indicate beyond what is already included in the premises.

Assertion (A) : In a valid categorical syllogism, a term which is distributed in the conclusion must be distributed in the premises.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) Both (R) and (A) are true, (R) is the explanation of (A).
(2) Both (R) and (A) are true, (R) is not the explanation of (A)
(3) (A) is True, (R) is False.
(4) (A) is False, (R) is True
(5) Question not attempted

72. Pick the correct answer considering the following :

Statement-I : Bentham and Mill agree that we ought to strive for the greatest happiness for the greatest-number.

Statement-II : Bentham justifies it on the ground of self-interest. Mill bases it on the social feeling.

Codes :

(1) Both Statements-I and II are correct.
(2) Both Statement-I and II are incorrect.
(3) Statement-I is correct; Statement-II is incorrect.
(4) Statement-I is incorrect; Statement-II is correct.
(5) Question not attempted

**73.** सभी कुत्ते स्तनधारी हैं ।

कोई भी बिल्ली कुत्ता नहीं है ।

अत:, कोई भी बिल्ली स्तनधारी नहीं है ।

इस युक्ति में तर्क–दोष की पहचान करिये :

(1) चतुष्पदी दोष

(2) अनियमित मुख्य पद दोष

(3) अनियमित अमुख्य पद दोष

(4) सत्तात्मक दोष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

951069

**74.** यदि निरुपाधिक तर्कवाक्य “कोई बिल्लियाँ जानवर नहीं है” सत्य है, तो निम्नलिखित में क्या सत्य नहीं है ?

(1) कोई जानवर बिल्लियाँ नहीं है ।

(2) कुछ बिल्लियाँ जानवर नहीं हैं ।

(3) सभी बिल्लियाँ जानवर नहीं हैं ।

(4) कुछ बिल्लियाँ जानवर हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**75.** निम्नलिखित का मिलान कर सही विकल्प चुनिए :

(a) सभी उ वि हैं । (i) उ  वि

(b) कुछ उ वि नहीं हैं । (ii) उ  वि



(c) कोई उ वि नहीं है । (iii) उ  वि

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii |
| (2) | i | iii | ii |
| (3) | ii | i | iii |
| (4) | iii | ii | i |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

951069

**73.** All dogs are mammals

No cats are dogs

Therefore, no cats are mammals

Identify the formal fallacy in this argument :

(1) Fallacy of four terms

(2) Fallacy of Illicit Major

(3) Fallacy of Illicit Minor

(4) Existential Fallacy

(5) Question not attempted

**74.** If categorical proposition “No cats are animals” is true, then which of the following is not true ?

(1) No animals are cats.

(2) Some cats are not animals.

(3) All cats are not animals.

(4) Some cats are animals.

(5) Question not attempted

**75.** Match the following and choose the correct option :

